फिर शुरू हुई ट्रैक्टर ऋण घोटाले की जांच

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी की शाखा गांधी ग्राम में 124 ट्रैक्टर ऋण घोटाले की कलेक्टर के आदेश पर गठित हुई जांच टीम

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी की शाखा गांधी ग्राम में 124 ट्रैक्टर ऋण घोटाले की कलेक्टर के आदेश पर जांच टीम गठित हुई है। टीम गठित होने के बाद ट्रैक्टर की जांच फिर शुरु हुई।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधी की शाखा गांधीग्राम में 124 ट्रैक्टर ऋण घोटाले की जांच कलेक्टर विकास मिश्रा के आदेश पर फिर से शुरू हो गई है। जांच के लिए कलेक्टर द्वारा अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय को जांच टीम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं जांच टीम के सदस्य में एसडीएम गोपदबनास राकेश शुक्ला, डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा, गोपदबनास तहसीलदार राकेश शुक्ला, वरिष्ट सहकारी निरीक्षक मदन सिंह उइके एवं वरिष्ट सहकारी निरीक्षक एसपी पाण्डेवा शामिल हैं। अपर कलेक्टर द्वारा समिति के सदस्यों की बैठक विगत 24 अप्रैल 2026 को अपने कक्ष में लेते हुए निर्देशित किया गया था कि समयसीमा में 124 ट्रैक्टर प्रकरणों की जांच कर 8 मई 2026 तक कलेक्टर द्वारा चाहा गया है। उधर ट्रैक्टर घोटाले की फिर से जांच शुरू होते ही इसमें लिप्त लोगों में हड़कम्प मच गया है। दरअसल दो करोड़ से ऊपर का ट्रैक्टर घोटाला 3 वर्ष पूर्व सामने आने पर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा 6 सदस्यीय टीम जांच के लिए गठित की गई थी। उस दौरान सात दिवस में जांच प्रतिवेदन देने के आदेश दिए गए थे। अपर कलेक्टर के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने उस दौरान भी सदस्य एसडीएम गोपदबनास, डीएसपी, तहसीलदार गोपदबनास, सहकारी निरीक्षक सहकारिता विभाग सीधी, वरिष्ट सहकारी निरीक्षक सहकारिता विभाग सीधी को शामिल किया गया था। टीम द्वारा अपनी जांच शुरू भी की गई लेकिन उसका जांच प्रतिवेदन सामने नहीं आया है। कारण टीम द्वारा जांच का दायरा ज्यादा बताते हुए इस पर अपनी जांच कागजों में ही जारी रखी गई जिसके चलते जांच प्रतिवेदन सामने नहीं आया बाद में उच्च स्तरीय दबावों के चलते इस घोटाले की फाइल को ठंडे बस्ते में कैद करा दिया गया।

अब कलेक्टर विकास मिश्रा की जानकारी में यह ट्रैक्टर घोटाला सामने आया तो उनके द्वारा फिर से जांच टीम अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कर 8 मई 2026 तक मांगा गया है। ट्रैक्टर घोटाले की राशि करीब दो करोड़ रुपए है और इस घोटाले में सहकारी बैंक के कई अधिकारियों एवं ट्रैक्टर एजेन्सी संचालकों की संलिप्तता होने के कारण फिर से चर्चा शुरू हो गई है कि यह जांच प्रतिवेदन समय पर आएगा कि फिर से इसे ठंडे बस्ते में डालने का सियासी दबाव बढ़ जाएगा।

पूर्व विधायक ने घोटाले को किया था उजागर

तत्कालीन सीधी विधायक केदारनाथ शुक्ला द्वारा केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा गांधीग्राम में हुए ट्रैक्टर ऋण घोटाले को उजागर किया गया था। उस दौरान आनन-फानन में 6 सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच शुरू की गई थी। ट्रैक्टर घोटाले के मामले में पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद नई टीम भी गठित की गई थी फिर भी कार्रवाई जिस तत्परता के साथ होनी चाहिए थी वह सामने नहीं आई। दरअसल इस घोटाले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। बैंक कर्मचारियों के साथ ही इसमें ट्रैक्टर एजेंसियों की संलिप्तता भी सामने आई थी। यह मामला राजधानी तक गूंजने और पूर्व विधायक की शिकायत पर मुख्यमंत्री द्वारा इस पर प्राथमिकता से जांच के निर्देश दिए गए थे।

इनका कहना है

124 ट्रैक्टर ऋण प्रकरण की जांच के लिए बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में यह सामने आया कि उक्त ऋण प्रकरण के अभी समूचे कागजात ही नहीं हैं। इस वजह से जांच की प्रक्रिया कितनी प्रभावित होती है इस पर अभी कुछ कह पाना संभव नहीं है।

बी.पी.पाण्डेय, अपर कलेक्टर सीधी

अवैध खनन पर सख्ती, संयुक्त जांच अभियान में 5 वाहन जब्त

तहसील क्षेत्र में चलाया गया रात्रि सघन जांच अभियान

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन एवं प्रभारी खनिज निरीक्षक देवेन्द्र महोबे के नेतृत्व में खनिज एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा 3 एवं 4 मई को रामपुर नैकिन, मझौली एवं मड़वास तहसील क्षेत्रों में दिन-रात्रि सघन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कोयला एवं रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त कुल 5 वाहनों को जब्त किया गया। रामपुर नैकिन तहसील के ग्राम बघवार वन नाका क्षेत्र से एक बिना नंबर का हाईवा अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर पीपराव चौकी में सुपुर्द किया गया। मझौली तहसील क्षेत्र में रेत से लदे दो हाईवा वाहनों को निर्धारित मात्रा से अधिक परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना मझौली में खड़ा कराया गया। वहीं एक अन्य कोयला परिवहन वाहन को निर्धारित समयावधि के पश्चात परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। इसी प्रकार मड़वास तहसील के बाजार क्षेत्र के समीप एक टाटा 407 वाहन को अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना मड़वास की अभिरक्षा में सौंपा गया। संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं, जिन्हें कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही बिना नंबर के वाहनों के उपयोग के मामलों में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई हेतु जिला परिवहन अधिकारी को भी पत्र भेजा जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कोई हारा नहीं है सिर्फ और सिर्फ भाजपा जीती है : उमेश

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया में टोंको-रोंको-ठोंकों क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने कहा है कि चुनाव नतीजों का यही संदेश है कि चुनाव में सिर्फ और सिर्फ भाजपा जीती है कोई हारा नहीं है।

जीत हार की बात तब होती है जब दो पक्ष होते है और उनके अपने-अपने सवाल और जवाब होते है। लेकिन चुनाव में सभी दलों का मात्र एक ही मकसद था सत्ता की मलाई उड़ाने का। सभी दलों को ज्ञात है की उनकी यह लोलुपता चुनाव जितने से ही फलींभूत होगी। चुनाव में सभी दलों की यही रणनीति थी की चुनाव के पहले झूंठ और चुनाव के वाद लूट। जहां भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से लोकतंत्र को समाप्त करने की धारा पर बह रही थी विपक्ष भी लोकतंत्र को लोकतांत्रिक तरीके से समाप्त करने के ढर्रे पर चल रहा था। जहां भाजपा हिंदू ध्रुवीकरण का साम्प्रदायिक खेल कर रही थी वहीं विपक्ष मुस्लिम तुष्टिकरण के साम्प्रदायिक खेला में लगा था। पांच राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा तीन राज्य बंगाल, असम, पुडुचेरी में अपना झंडा लहरा दिया है तथा दो राज्यों तमिलनाडु और केरल के नतीजों पर भाजपा के लिए यही कहा जा सकता है कि अभी तो यह ट्रेलर है आगामी चुनाव में इन राज्यों में भी पिक्चर रिलीज होगी।

एसपी आफिस में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। मई माह के शासकीय कार्यों का शुभारंभ आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्ण अनुशासन एवं एकाग्रता के साथ राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर देश के प्रति अपनी निष्ठाए एकता एवं सम्मान की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय कार्यों की शुरुआत राष्ट्रभावना, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के संकल्प के साथ करना रहा।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी, रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन वीरेन्द्र कुमरे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का स्टाफ एवं पुलिस लाइन का बल उपस्थित रहा।

बकवा में शोक की लहर, समिति अध्यक्ष रामपाल सिंह को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। जरब जनजातीय पर्यटन, शिक्षा एवं लोक कला विकास समितिए बकवा के अध्यक्ष रामपाल सिंह के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन की खबर मिलते ही न केवल समिति के सदस्यों बल्कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।

उनकी स्मृति में समिति कार्यालय बकवा में एक वृहद शोकसभा का आयोजन किया गयाए जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की शुरुआत दो मिनट के मौन के साथ की गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय रामपाल सिंह एक सरल, मिलनसार और कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन को जनजातीय समाज के उत्थानए शिक्षा के प्रसार तथा लोक कला के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया था। वक्ताओं में रोशनी प्रसाद मिश्र पीएसओ इन्द्रवती नाट्य समितिद्ध ने कहा कि रामपाल सिंह का व्यक्तित्व अत्यंत प्रेरणादायी था। उन्होंने समाज और संस्कृति के क्षेत्र में जो कार्य किए वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामपाल सिंह ने जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए आगे रहते थे और हर जरूरतमंद के लिए सहारा बनते थे।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, सचिव संसार सिंह, कोषाध्यक्ष लल्लू सिंह, सह सचिव रामनरेश सिंह, ग्राम के मुखिया तिलकराज सिंह सहित सदस्यों में जगन्नाथ जायसवाल, नन्हे घासी, कुशल सिंह, विवेक कुमार सिंह, वरुण कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, आदित्य कुमार सिंह एवं शिवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। अंत में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें।

विकास कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कल

सीधी 4 मई। विधानसभा क्षेत्र सीधी में विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु 6 मई 2026 को प्रात: 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विधायक श्रीमती रीती पाठक करेंगी। एसडीएम गोपद बनास ने बताया कि विधायक के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के विकास, निर्माण एवं हितग्राहीमूलक कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पीडब्ल्यूडी उपयंत्री मुख्यालय से रहते हैं नदारत

नवभारत न्यूज

मझौली 4 मई। लोक निर्माण विभाग मझौली के उपयंत्री अपने मुख्यालय से अक्सर नदारत रहते हैं। ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता काफी प्रभावित हो रही है।

लोक निर्माण विभाग मझौली में पदस्थ उपयंत्री मिथिलेश श्रीवास्तव अपने मुख्यालय से अक्सर नदारत रहते हैं। वहीं यहां पदस्थ एसडीओ स्तुति गौतम को सीधी का प्रभार भी मिलने के कारण उनकी आवाजाही यहां न के बराबर है। यह अवश्य है कि संविदाकार मनमानी तौर पर कार्य कराने के बाद बंगले में जाकर उपयंत्री से मूल्यांकन कराते हुये राशि आहरित कर लेते हैं। एसडीओ एवं उपयंत्री के यहां न रहने से विभाग में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता काफी घटिया बनी हुई है।

संविदाकार सभी मापदंडों की अनदेखी करते हुये मनमानी तौर पर निर्माण कार्य करा रहे हैं। कलेक्टर के निर्देशो के बावजूद पीडब्ल्यूडी मझौली कार्यालय में एसडीओ एवं उपयंत्री उपस्थिति अनियमित बनी हुई है। एसडीओ को दो जगह का प्रभार मिलने से उपयंत्री की जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। उनको नियमित रूप से मझौली खंड मुख्यालय में रहकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए, किन्तु उपयंत्री पूरी तरह से स्वेच्छाचारी बने हुये हैं।

नेशनल लोक अदालत 9 को बैंकों के साथ बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई का आयोजन जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु तथा उसमें रखे जाने वाले प्रकरणों एवं आवश्यक तैयारियों के संबंध में आज 4 मई को विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू की अध्यक्षता में सभी राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंको के अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत विवादों के समाधान का एक सरल, त्वरित एवं किफायती माध्यम है, जिसमें पक्षकारों के बीच आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाता है, उन्होंने सभी बैंको के अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर लोक अदालत में प्रस्तुत करें, जिससे आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। साथ ही, बैंक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिन लोगो के छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले जो न्यायालय तक अभी नहीं पहुंच पाये है, ऐसे व्यक्ति भी संबंधित विभाग में प्री-लिटिगेशन प्रकरण के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करा सकते है। उक्त नेशनल लोक अदालत में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

बाल एवं बंधक श्रम के विरुद्ध सख्ती, जागरुकता और कार्रवाई पर जोर

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा बंधक श्रम उन्मूलन अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति एवं जिला सतर्कता समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम एवं बंधक श्रम के विरुद्ध व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 (संशोधित 2017) एवं बंधक श्रम अधिनियम 1976 (संशोधित 2021) के प्रावधानों, कार्यप्रणाली, विमुक्ति एवं पुनर्वास की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगामी कार्ययोजना के तहत भिक्षावृत्ति में लिप्त एवं स्कूल छोड़ चुके बच्चों का चिन्हांकन कर उनके पुनर्वास पर विशेष ध्यान देने, समिति द्वारा प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण करने तथा बाल एवं बंधक श्रम में संलिप्त नियोजन स्थलों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

शासकीय स्कूलों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम तेज, 18 स्कूल हुए मुक्त

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। जिले की शासकीय शालाओं को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि शालाओं में हुए अतिक्रमण को प्रभावी ढंग से हटाया जाए।

इसी क्रम में 3 मई को कलेक्टर ने विकासखंड रामपुर नैकिन की अतिक्रमणयुक्त शालाओं का स्वयं निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम चुरहट, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित पटवारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिले की 48 शालाओं में राजस्व एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इनमें से 18 शालाओं का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाते हुए उन्हें मुक्त कराया गया है। जिले में कुल 159 अतिक्रमणयुक्त शालाएं चिन्हित की गई हैं जिनमें शेष स्कूलों में सीमांकन एवं नोटिस जारी करने की कार्रवाई जारी है।

चुरहट अंचल में बारिश के साथ दर्जन भर गांवों में हुई ओलावृष्टि

एक सप्ताह से मौसम का बदला हुआ है मिजाज, तेज आंधी एवं बारिश का चल रहा दौर, सिहावल अंचल समेत अन्य क्षेत्रों में भी हुई बारिश

नवभारत न्यूज

सीधी 4 मई। मौसम के बदले मिजाज के चलते एक सप्ताह से तेज आंधी, बारिश का दौर सीधी जिले में चल रहा है। आज दोपहर चुरहट अंचल में बारिश के साथ ओलावृष्टि का कहर भी बरपा। चुरहट अंचल के करीब दर्जन भर गांवों में बारिश के साथ ओले गिरे। कुछ स्थालों में तो आंवले के आकार तक के ओले गिरने से नुकसानी की खबरें आ रही हैं।

बताते चलें कि दोपहर बाद आकाश में घने बादलों के छाने के साथ ही तेज अंधड का दौर सीधी जिले में करीब एक सप्ताह से चल रहा है। कुछ स्थानों में बारिश के साथ ही आंधी से भी नुकसानी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। यह अवश्य है कि अधिकांश स्थानों में फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य पूर्ण हो चुका है किन्तु कुछ किसानों की फसलें कटाई के बाद खलिहान में गहाई के लिये रखी हुई हैं। बारिश और ओलावृष्टि से इन फसलों को क्षति बताई जा रही है। चुरहट अंचल के ग्राम बड़खरा 739, बड़खरा 740, अमरपुर, कोष्टा आदि में आज दोपहर बारिश के साथ ही ओले गिरे हैं। वहीं सिहावल अंचल में भी तेज बारिश हुई।

बड़खरा 739 तिहईया टोला में गिरे आंवले के आकार के ओले

चुरहट अंचल के करीब दर्जन भर गांवों में आज बारिश के साथ ही ओलावृष्टि का कहर बरपा। अधिकांश स्थानों में छोटे आकार के ओले गिरे, लेकिन बड़खरा 739 तिहईया टोला में आंवले के आकार के ओले गिरने से साग-सब्जी के साथ ही कुछ किसानों के खलिहान में रखी फसलों को क्षति पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है।